**खबर संक्षेप**

## त्रिपुरारी मंदिर में हुई माँ काली की प्रतिमा स्थापना



**मण्डला।** शहर के आजाद वार्ड के बाबाघाट में त्रिपुरारी मंदिर में आज पूजन, हवन एवं भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है। पुजारी पं.संतोष महाराज ने बताया कि मंदिर में माता महाकाली और भगवान काल भैरव की प्रतिमा स्थापना की गई है, प्रतिमा स्थापना के तहत पिछले तीन दिनों से यहां प्रतिमा स्थापना विधान किया जा रहा था। वहीं आज गुरूवार को मंदिर परिसर में पूजन, हवन के बाद भण्डारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

## दो दिवस में लम्बित प्रकरणों का निराकरण करें - कलेक्टर

**मण्डला।** जिला योजना भवन में मानव अधिकार आयोग से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मानव अधिकार आयोग की मंडला जिले से संबंधित प्राप्त शिकायतों की विभागवार प्रकरणवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन प्रकरणों का निराकरण कर लिया गया है, उनका निराकरण दर्ज करते हुए प्रतिवेदन संबंधित शाखा में जमा करें। जिन प्रकरणों में एक से अधिक विभाग शामिल हैं उनमें आपसी समन्वय करते हुए समय पर संबंधित प्रकरण का निराकरण करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। लम्बित प्रकरणों के विषय में उन्होंने कहा कि आगामी दो दिनों में समस्त प्रकरणों को निराकृत करें तथा निराकरण प्रतिवेदन संबंधित शाखा में प्रेषित करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, वन मंडलाधिकारी श्री नित्यानंदन एल, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष पिट्टू प्रतियोगिता**

# जबलपुर को शिकस्त देकर मंडला बना चैंपियन

*** रोमांचकारी और मजेदार रहा आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष पिट्टू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिला वर्ग में मंडला चैंपियन बना, वहीं पुरुष वर्ग में जबलपुर चैंपियन बना। इससे पहले प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष चंद्रशेखर निखारे की अध्यक्षता तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवानिवृत्ति प्रोफेसर डॉ विजेंद्र कुमार चौरसिया एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार गुप्ता के गरिमामई उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। महिला वर्ग में प्रतियोगिता का पहला सेमी फाइनल मैच डिंडोरी जिला का मुकाबला मण्डला जिला से हुआ जिसमें मण्डला जिला ने डिंडोरी को एक तरफा मुकाबले में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वही दूसरा सेमीफाइनल मैच जबलपुर जिला एवं नरसिंहपुर जिला के मध्य खेला गया जिसमें जबलपुर जिला ने नरसिंहपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग का फाइनल मैच जबलपुर जिला का मुकाबला मण्डला जिला के मध्य हुआ जिसमें मण्डला जिला ने जबलपुर जिला को एकतरफा मुकाबले में 42/113 अंकों से करारी शिकस्त देकर प्रतियोगिता का फाइनल मैच अपने नाम किया। वहीं पुरुष वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच डिंडोरी जिला का मुकाबला मण्डला जिला के मध्य खेला गया जिसमें मण्डला जिला ने मुकाबला को एकतरफा करते हुए डिंडोरी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच कटनी और जबलपुर के मध्य खेला गया जिसमें जबलपुर में कटनी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला जबलपुर और मण्डला के मध्य खेला गया जो अत्यंत रोमांचकारी रहा। इस कड़े मुकाबले में मंडला को 75 / 78 से हराकर जबलपुर चैंपियन बना। फाइनल मैच के उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने दोनों चैंपियन एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए दोनों वर्गों के खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। प्रतियोगिता में विशेष रूप से महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉ टीपी मिश्रा, डॉ एस के श्रीवास्तव, डॉ एस एस जोशी, डॉ एस आर बघेल डॉ अर्जुन बघेल, डॉ डीके रोहतास, डॉ बी टेमरे, डॉ पी एल झरिया, डॉ बी एल झरिया तथा विभिन्न जिलों के महाविद्यालय से आए कीड़ा अधिकारियों डॉ रमेश शुक्ला, डॉ आदित्य गढेवाल, डॉ अर्पित सक्सेना, डॉ. हरीश दुबे, डॉ आमिर खान, डॉ अलका अवस्थी, डॉ मनोज खारोले डॉ जुगल किशोर मेवाड़ी तथा मंडला जिला के जिलाधिकारी डॉ विवेक जायसवाल, डॉ अनूप परिहार, डॉ आशीष चतुर्वेदी, डॉ प्रशांत यादव, डॉ देवेंद्र बघेल, डॉ रवि यादव, डॉ निलेश चौरे ने प्रतियोगिता में विशेष भूमिका निभाई। प्रतियोगिता का आभार प्रदर्शन करने के लिए महाविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय कोच व अंतराष्ट्रीय ऑफिशल खेल अधिकारी डॉ गुलबहार खान ने प्रतियोगिता में उपस्थित सभी खिलाड़ी कोच, मैनेजर, ऑफिशल एवं सभी अतिथियों का अभाव प्रदर्शन व्यक्त किया । प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान से किया गया।



## उत्साही युवाओं ने प्रदर्शित की पवित्र नगरी की संस्कृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नर्मदा जन्मोत्सव पर्व पर नगर के तीर्थ माने जाने वाले रपटा धाम के प्रवेश द्वार के समीप ही जिस तरह से जिले के उत्साही युवाओं ने पवित्र नगरी मण्डला की संस्कृति का जींवत उदाहराण प्रस्तुत किया उसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। माँ नर्मदा जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व ही पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा सभी धर्मार्थ संस्थाओं को यह समझाईश दी गई थी कि किसी भी स्थिति में आवागमन को प्रभावित नहीं होने देंगे सड़कों पर जो लाईन डाली जायेगी उसके पीछे ही अपना भण्डारा व अन्य कार्यक्रम आयोजित करेंगे लेकिन माँ नर्मदा की भक्ति में लीन इन युवाओं ने तो एक ओर की सड़क को ही अपने कब्जे में लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया दोपहर से लेकर देर रात तक भांति-भांति के कार्यक्रम आयोजित किये गये इस दौरान माँ नर्मदा की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में केक भी काटा गया और धमाकेदार नृत्यों की प्रस्तुतियाँ भी हुई। नृत्य के दौरान भेदभाव से परे फिल्मी गीतों को भी स्थान देते हुये उन गीतों के माध्यम से अपनी-अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया।

जहां एक ओर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित निर्झरणी कार्यक्रम में माँ नर्मदा की गौरव गाथा एवं इतिहास को बताया जा रहा था नृत्य नाटिका के माध्यम से शास्त्रीय संगीत को आधार बनाते हुये श्रेष्ठ कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया तो दूसरी ओर उससे चंद ही कदम दूर इन युवाओं ने भी अपनी भक्ति कला और श्रद्धा का प्रदर्शन करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। पुलिस प्रशासन भी इनका उत्साहवर्धन करते हुये मौन रूप से कार्यक्रम स्थल पर अपनी मौजूदगी दर्शाता रहा।

आने-जाने वाले स्थानीय नर्मदा भक्तों एवं बाहर से आये नर्मदा भक्तों ने इनकी जमकर सराहना की पवित्र नगरी को जो सही उदाहरण इनके द्वारा प्रस्तुत किया गया उसकी तारीफ करते हुये उन्होंने यहां के शासन-प्रशासन को साधुवाद देते हुये यह भी कहा कि इन्हीं प्रतिभाशाली युवाओं के दम पर ही तो हमारी विरासत और संस्कृति आज भी विद्मान है।

### बस्ती विकास योजना के कार्यों की बैठक संपन्न

**मण्डला।** बस्ती विकास योजना के कार्यों के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया कि कार्यों की स्वीकृति के लिए प्राथमिकता निर्धारित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय पर कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में बिछिया विधायक श्री नारायण सिंह पट्टा, निवास विधायक श्री चैनसिंह वरकड़े, श्री जयदत्त झा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, क्षेत्रीय संयोजक श्री रंजीत गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### नवागत अधिकारियों का समाज ने किया स्वागत



**मण्डला।** मण्डला जैन समाज ने दमोह से आए नए डिप्टी कलेक्टर सचिन जैन एवं साथ में अर्पित जैन सहायक वन संरक्षक मण्डला नियुक्ति के प्रथम दिन के अवसर पर श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर व्यवस्था कमेटी, समस्त महिला मंडल, सकल दिगंबर जैन समाज मण्डला ने श्रीफल व तिलक वंदन कर उनका भव्य स्वागत किया। आगे उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आभार व्यक्त किया।

### माँ नर्मदा जन्मोत्सव पर की गई विशेष पंच चौकी महा आरती

**मण्डला।** माँ नर्मदा की जयंती पर मंगलवार की शाम को केक काटकर माँ नर्मदा का प्रकटोत्सव मनाया गया। इसके पश्चात विशेष पंच चौकी महाआरती की गई। महाआरती पर भारी संख्या में जन समुदाय एकत्रित हुआ। इससे पहले नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य आतिशबाजी कर उत्सव मनाया गया साथ ही 101 लीटर दूध से दुग्ध अभिषेक किया गया।

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का ग्राम समनापुर में हुआ शुभारंभ



**नारायणगंज।** नारायणगंज जनपद के ग्राम पंचायत घोटखेड़ा के गाओ समनापुर में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ,जिसमें गांव के सियाने पंच मुकद्दम समिति के युवा कार्यकर्ता, समाजसेवी लोगो ने रिवेन काट कर दोनों टीमों ने राष्ट्र गान गा कर कुंडा चुटका और लवार चरगांव के बीच पहला मुकाबला खेला गया चुटका टीम ने टॉस जीत कर बेटिंग करने का फैसला किया पहला क्रिकेट मैच कुंडा चुटका और लावर चरगांव बीच शुभांरभ किया गया कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष अमित सोयम, उपाध्यक्ष राम प्रसाद सोयम, सचिव सुनील सोयम,और समाज सेवक दुर्गेश सिंगरोरे लोधी , दशमन पट्टा दीपक यादव, राजेश सोयम शुभांरभ कार्यक्रम में उपस्थित हुए

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मण्डला में बारहवीं के विद्यार्थियों का विदाई एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मण्डला में 12 वी के छात्र-छात्राओं के लिए कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने विदाई एवं विद्यालय की ओर से आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य रूपसिंह उलाडी ने बताया कि प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को सभी शिक्षको ने विभिन्न प्रकार के कोर्स और करियर की जानकारी से अवगत कराया ताकि विद्यार्थी अपने सपने साकार कर सकें। उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद भी दिया। इसके अतिरिक्त कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके उनको उपहार भी प्रदान किए। बारहवीं के विद्यार्थियों ने बहुत भावुक होकर केंद्रीय विद्यालय की बारह वर्षों की यात्रा को साझा किया। प्राचार्य ने भी अपने उद्बोधन में सभी बच्चों कोउनके उज्जवल भविष्य कर शुभकामनाएं दी ।

**निर्देश** | **बोर्ड परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों पर कार्यवाही करें-प्रमुख सचिव।**

# प्रश्नपत्र का बॉक्स खोलने के पहले बनेगा वीडियो

*** प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने दिये निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने बोर्ड परीक्षाओं के तैयारियों की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने कहा कि सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक बोर्ड परीक्षाओं से पहले आवश्यक तैयारियाँ कर लें। कलेक्टर केन्द्राध्यक्षों की बैठक लेकर उन्हें बोर्ड परीक्षाओं के दौरान व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए सचेत कर दें। बोर्ड परीक्षाओं में यदि कोई गड़बड़ी करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न पत्र पुलिस की अभिरक्षा में रहेंगे। केन्द्राध्यक्ष पूरी सुरक्षा के साथ प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्र तक ले आएं। परीक्षा केन्द्र में आने से पहले प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग होने पर कलेक्टर तत्काल कार्यवाही करें। प्रश्नपत्रों के बॉक्स खोले जाने के पूर्व बॉक्सों के छः तरफ से वीडियो बनाकर 8:30 बजे मंडल की वेबसाईट में अपलोड करना सुनिश्चित करें। सभी केन्द्राध्यक्षों को परीक्षाओं के संचालन के संबंध में दिए गए निर्देशों से अवगत कराकर उनका पालन सुनिश्चित कराएं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई इस बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

प्रमुख सचिव ने कहा कि पुलिस अधीक्षक सभी परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक पुलिस बल तैनात करें। परीक्षा केन्द्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मोबाइल टीम भी तैनात करें। बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर समस्त प्रमुख सूचनाएं इसके माध्यम से उपलब्ध कराएं। कंट्रोल रूम में जिम्मेदार अधिकारी तैनात करें। दूरस्थ परीक्षा केन्द्रों में विशेष निगरानी रखें। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन का पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। मोबाइल फोन को सुरक्षित रखने के भी समुचित व्यवस्था करें। सोशल मीडिया, टेलीग्राम पर सतत निगरानी रखें। परीक्षा केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रमुख सचिव ने बोर्ड परीक्षाओं के संचालन के संबंध में विस्तार से निर्देश दिए।

## आश्रम में नर्मदा जन्मोत्सव पर किया अन्न दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के समाज कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा नर्मदा जन्मोत्सव के अवसर पर अन्न दान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपनगर महाराजपुर के संगम तट स्थित राम जानकी आश्रम में 108 श्री श्री महंत दीपक दास जी महा त्यागी जी महाराज को प्रदेश अध्यक्ष शिव तिवारी ने परिक्रमावासियों के लिए अन्न दान किया। यहां पर सवा क्विंटल अनाज जिसमें चावल दाल आटा एवं तेल सब्जी मसाला सहित अन्य सामग्री महंत श्री को भेंट की। वहीं विशेश्वर दास एवं संत श्री राम शंकर दास, पंडित आशीष दास वैष्णव समस्त सेवादार परिवार सीताराम रसोई राम जानकी मंदिर के सहयोगियों के द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर 108 श्री श्री महंत दीपक दास महात्यागी जी महाराज ने कहा कि समाज कल्याण के लिए पत्रकार परिषद हमेशा कार्य करता रहा है। पत्रकार अगर समाजिक सरोकार से नाता जोड़ता है तो समाज में अच्छा संदेश जाता है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शिव तिवारी ने कहा कि वे परिक्रमावासियों की अक्सर सेवा करते हैं उन्होंने कहा कि दीपक दास जी महाराज समाज और धर्म के लिए अलख जगा रहे हैं। जो हम सभी हिन्दूओं के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर दीपक दास जी महाराज का तिलक वंदन करते हुए उन्हें पुष्पमाला और शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कैलाश डेहरिया, दीपक कछवाहा, रोहित बघेल, अनमोल अग्रवाल, नीलेश ठाकुर, श्रीमति सीता परतेती, श्रीमति उमा यादव, श्रीमति शीतल बैष्णव, श्रीमति गीता साहू सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## झारिया युवा संघ मध्य प्रदेश द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर के नवम संस्करण का हुआ वितरण



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** झारिया सेवा समिति धर्मशाला शहपुरा की के मासिक बैठक में झारिया मेहरा युवा संघ मध्य प्रदेश के द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका मार्गदर्शिका एवं वार्षिक कैलेंडर के नवम संस्करण का वितरण किया गया। जिसमें जिले के पदाधिकारीयों के साथ-साथ शहपुरा क्षेत्र से विभिन्न ग्रामों के सामाजिक जन उपस्थित हुए एवं सामाजिक पत्रिका एवं कैलेंडर प्राप्त किए श्री शोभाराम झारिया, उमा प्रसाद झारिया, प्रकाश झारिया, ताराचंद लोमेश, महेश प्रसाद झारिया, ए . डी. हितेश, कमल प्रसाद झारिया, चेतराम झारिया, बद्री प्रसाद झारिया, सियाराम झारिया, अवध बिहारी झारिया, बंसी झारिया, धर्मेंद्र झारिया, भागचंद झारिया, मिश्रीलाल झारिया, इंजीनियर उमेश झारिया, संदीप झारिया, रेवा झारिया, गोविंद झारिया गोवर्धन झारिया (गोल्डी) आनंद झारिया जी के द्वारा पत्रिका प्राप्त की गई । झारिया (मेहरा) युवा संघ के प्रांतीय अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया एवं सभी से मार्गदर्शन की अपेक्षा की। झारिया (मेहरा) युवा संघ से अखिलेश झारिया, संदीप गोलिया, अंकित झारिया दुर्गेश झारिया ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## हृदय गति रुकने से प्रोफेसर विष्णु नारायण मिश्र का निधन

**अनूपपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक मध्य प्रदेश के गणित विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर विष्णु नारायण मिश्र का अचानक हृदयगति के रुक जाने आकस्मिक निधन हो गया है प्रोफेसर मिश्र कानपुर के छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम के राष्ट्रीय संगोष्ठी में वक्तव्य देने के लिए दिनांक 3 फरवरी को गए हुए थे। प्रोफेसर मिश्र अपना संभाषण समाप्त किए ही थे की कुछ देर पश्चात ही उन्हें अचानक सीने में दर्द महसूस हुआ छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने तत्काल एंबुलेंस से प्रोफेसर मिश्र को लक्ष्मीपति सिंघानिया हृदय रोग संस्थान में भर्ती करवाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के प्र.कुलपति प्रोफेसर ब्योमकेश त्रिपाठी को उक्त दुखद समाचार से अवगत कराया।

## घर के बाहर खड़ी बुलेट हुई चोरी

**शहडोल।** जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 21 रंगमंच के पास रहने वाले चन्द्र प्रकाश गुप्ता के घर के बाहर खड़ी उनकी सबसे बुलेट अज्ञात दो युवक चोरी कर फरार हो गए , घर के बाहर खड़ी बुलेट को धीरे से बाहर ले जाकर उसका लॉक तोड़ा और फिर कुछ दूरी पर उसे जुगाड़ से स्टार्ट कर फरार हो गए, इस चोरी की घटना पड़ोस में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, मामले की पीड़ित ने धनपुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई है , जिसकी पड़ताल में पुलिस जुट गई है।

## थाना प्रभारी ने शान्ति-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

**मानपुर।** नगर परिषद के वार्ड क्रमांक-1 सेमरा में बौद्ध समागम नाम से 5 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित है, जिसमें हिन्दू धर्म के देवी-देवताओं के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी की शिकायत प्राप्त हुई है और शिकायत के आधार पर मामला पंजीबद्ध करके जांच जारी है, लेकिन शिकायत के बाद भी कुछ कथित लोग व संगठन सोशल मीडिया, व्हाट्सएप आदि के माध्यम से मामले को तूल देने का प्रयास कर रहे हैं, जो सर्वथा अनुचित है और आपसी प्रेम व सौहार्द को बिगाड़ने के कृत्य की श्रेणी में आता है, इसलिए सभी राजनीतिक व सामाजिक जवाबदार व्यक्तियों से अपील है कि उक्त प्रकरण पर संयम व शान्ति-व्यवस्था बनाए रखें, पुलिस-प्रशासन अपना कार्य पूरी सजगता से कर रहा है।

### रैली में केंद्रीय महासचिव अजय अवस्थी, डिंडोरी विधायक ओमकार मरकाम भी हुए शामिल

# भगवती मानव कल्याण संगठन ने निकाली नशा मुक्त जन जागरण रैली



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** डिंडोरी के जबलपुर बायपास मैदान अम्बे राइस मिल के पास भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा दो दिवसीय शक्ति चेतना जनजागरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में डिंडोरी शहर के रहवासियों को आमंत्रित करने के लिए जनमानस आवाहन पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में जन मानस आमंत्रण पद यात्रा का आयोजित किया, यह पदयात्रा चंद्र विजय कालेज तिराहा से शहर के मुख्य मार्ग सुबखार, अवंतीबाई चौक, भारत माता चौक, कलेक्ट्रेट चौराहा, कंपनी चौक से निकलकर मंडला बस स्टैंड से शिविर स्थल पर समापन हुआ। हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने शहर के लोगो को कार्यक्रम हेतु निमंत्रित किया। यात्रा में शामिल हुए अजय अवस्थी - भगवती मानव कल्याण संगठन के बेनल तले आयोजित हुई इस रैली में संगठन के केंद्रीय महासचिव अजय अवस्थी शामिल हुए जिनके द्वारा जनमानस को 8-9 फरवरी को होने वाले शिविर में आमंत्रित किया गया। आपको बता



दें कि हजारों की संख्या में हुई जन मानस आमंत्रण रैली में क्षेत्रीय विधायक ओमकार सिंह मरकाम भी पहुंचे जिन्होंने इस रैली में अपना समर्थन दिया, कार्यक्रम में केंद्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारियों सहित जिले के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# अमरपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन ग्राम जैतपुरी में आयोजित हुआ अनुभूति कार्यक्रम

**डिंडोरी।** प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति बच्चों को जागरूक करने की मंशा के तहत मध्य प्रदेश वन विभाग के सहयोग से इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा अमरपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन ग्राम जैतपुरी में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया.वन मंडल अधिकारी पुनीत सोनकर के मार्गदर्शन आयोजित इस कार्यक्रम का मकसद बच्चों को वन्यजीवों और वनों के प्रति संवेदनशील बनाना है.कार्यक्रम में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, मंडल अध्यक्ष अनिल साहू,के के मिश्रा सहित विद्यायल के शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुये।इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी अतुल सिंह ने विद्यार्थियों के दल का नेतृत्व करते हुए छात्रों को संयुक्त वन प्रबंधन, वन विभाग के कार्य,प्राकृतिक वातावरण में जीव और पक्षियों के दर्शन,वृक्षों की पहचान के साथ इनके वैज्ञानिक नाम और औषधीय गुणों की जानकारी से अवगत कराया।वन अमले ने विद्यार्थियों को सूखे कटे हुए ठूठ की उपयोगिता,




पक्षियों व कीटों का महत्व, जैव विविधता व पारिस्थिति तंत्र की जानकारी प्रदान भी की। इसके साथ ही जंगल में बरगद, पीपल, नीम, आम, जामुन, इमली आदि पौधों से मिलने वाली आक्सीजन की मात्रा के साथ जल प्रबंधन की तकनीकी पद्धतियों से भी बच्चों को अवगत कराया। इस दौरान वन क्षेत्र का भ्रमण कराते हुए विद्यार्थियों को यहां प्राणियों के विचरण क्षेत्रों में पाई जाने वाली पेड़ों की प्रजातियों को पहचानने के तरीके, पक्षियों व जानवरों की आवाज निकालकर, उनकी पहचान करना भी सिखाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सीखी गई जानकारी की प्रस्तुति भी दी। दो दिवसीय अनुभूति कार्यक्रम में शासकीय हाईस्कूल सक्का,किसलपुरी,शासकीय मॉडल विद्यालय अमरपुर,कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास के डेढ़ सौ से अधिक विधार्थी शामिल हुए। जिन्हें वन विभाग द्वारा कैप, पुस्तक, पेन, बैग प्रदान किये गए। कार्यक्रम के अंत मे रेंजर अतुल सिंह ने विद्यार्थियों को वन्यजीव व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाकर जैव विविधता विषय पर भाषण और संवाद कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# शिविर में शामिल होकर विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने किया हितलाभ वितरण

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से 11 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक निरंतर जनशिविर आयोजित किये गए। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का समापन कार्यक्रम राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनो पर कार्यवाही कर अभियान के अग्रिम चरण में आवेदकों को हितलाभ वितरण करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत मेहंदवानी की ग्राम पंचायत मटियारी, डुलहरी, सूरजपुरा में



आयोजित कार्यक्रमों में विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे शामिल हुए। उन्होंने जन कल्याण अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर ग्रामीणों को हितलाभ का वितरण किया। साथ ही अभियान के दौरान शेष रह गए पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी स्वीकार किये। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंची है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया गया। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में आयोजित जनशिविरों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया है।

# प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक आयोजित



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर नेहा मारव्या सिंह की सुबह 11.00 बजे से अशासकीय विद्यालयों की मीटिंग के पश्चात प्रायवेट स्कूल एसोशिएशन की मीटिंग दीदी कैफे में आयोजित की गई जिसमें जिले के सभी प्रायवेट स्कूलों के संचालक उपस्थित रहे। बैठक में मान्यता नवीनीकरण एवं नवीन मान्यता में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। शासन के सभी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए स्कूलों का संचालन सुनिश्चित करने पर चर्चा के साथ आगामी शिक्षा सत्र 2025-26 में शासन के नियमानुसार 10 प्रतिशत से कम ही फीस वृद्धि प्रत्येक कक्षा में की जाये और उस फीस वृद्धि का सीधा-सीधा लाभ स्कूल स्टाफ के वेतन भत्तों की वृद्धि में दिया जाना चाहिए। किताब कॉपी एवं ड्रेस को भी कम के कम दाम पर उपलब्धता पर ठोस कदम उठाने कहा गया। स्कूलों पर अनावश्यक एवं गैर कानूनी तरीके से दवाब बनाने वाले लोगों, अधिकारियों एवं संगठनों से कानून का सहारा लेकर एकजुट होकर समस्याओं से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई। कुछ अधिकारियों के द्वारा स्कूल संचालकों के प्रति रूड एवं आक्रामक व्यवहार पर प्रायवेट स्कूल एसोशिएशन ने अप्रसन्नता व्यक्त की। कोई भी स्कूल संचालक कक्षा पहली के बाद बिना टी.सी. के प्रवेश न लें। अगर किसी विद्यालय पर बिना टी.सी. के एडमीशन या बिना फीस के पढ़ाने तथा बिना फीस दिए टी.सी. देने का दबाव किसी व्यक्ति, संगठन या अधिकारी व्दारा आता है तो, उसको प्रायवेट स्कूल एसोशिएशन डिण्डौरी के संज्ञान में लाया जाय, उस प्रकरण को प्रदेश स्तर तक पहुँचाया जायेगा, तथा उस पर सभी स्कूल संचालक एकजुट होकर कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। अंत में सभी स्कूल संचालकों से आग्रह किया गया कि वे अपना कार्य ईमानदारी एवं मेहनत के साथ निडर होकर विद्यार्थियों के हित में करते रहें। आगामी बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा।

# साइबर फ्रॉड से बचने के लिये चलाया जागरूकता अभियान



## शहपुरा पुलिस ने महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिससे लोगों में साइबर क्राइम से संबंधित अवेयरनेस आ रही है तथा साइबर क्राइम के लिए लोग दिन प्रतिदिन जागरूक हो रहे हैं वर्तमान में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा ₹सेफ क्लिकर₹ अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डिंडोरी वाहनी सिंह के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम के निर्देशन पर एवं अनु अधि पुलिस शहपुरा के मार्गदर्शन में दिनांक 5 फरवरी 2025 दिन बुधवार को शासकीय मॉडल कॉलेज शहपुरा में उपस्थित लगभग 70 छात्र/छात्राओं को तथा 30 कॉलेज स्टाफ को साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूक किया गया जिन्हें 1930 www.cybercrime.com 1090, 1098,100 डायल तथा साइबर फ्रॉड से बचने हेतु किसी अनजान व्यक्ति को गोपनीय जानकारी नहीं देने,व्हाट्स/फेसबुक स्टेटस लगते समय अपनी निजी जानकारी/फोटो आदि नहीं लगाने महिलाओं को किसी अनजान व्यक्ति द्वारा किसी तरह की असहज क्रियाकलापों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने आदि के संबंध में जागरूक किया गया उक्त जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी शहपुरा निरीक्षक शिवलाल मरकाम,asi मुकेश बैरागी, कार्य. प्र. आर. आदित्य शुक्ला,सूर्यभान बरकडे, महिला आरक्षक. महिमा, ममता तथा कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

# थाने तक मामला पहुंचने के बावजूद कार्रवाई सिफर



**कोतमा।**

नगर में संचालित कन्या शिक्षा परिसर छात्रावास की अधीक्षिका प्रभा मरावी के द्वारा रविवार की रात्रि में छात्रावास में रह रही बच्चियों के साथ लोहे की पाइप से मारपीट किए जाने का मामला सोमवार को थाने पहुंचा था जहां बच्चियों ने अपने साथ मारपीट होने की घटना की जानकारी पुलिस को दी थी। साथ ही बच्चियों के परिजन भी थाने पहुंचकर छात्रावास अधीक्षका के इस कृत्य की निंदा करते हुए छात्रावास अधीक्षक के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए जिला प्रशासन से छात्रावास से अधीक्षका को हटाए जाने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने शिकायत पर छात्रावास अधीक्षिका प्रभा मरावी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर करते हुए छात्रावास अधीक्षिका की तलाश कर रहे थे। सोमवार को छात्रावास में पुलिस पहुंची लेकिन अधीक्षिका छात्रावास में नहीं मिली। मंगलवार को पुलिस ने दूरभाष के माध्यम से छात्रावास अधीक्षिका को गिरफ्तार करने के लिए बिजुरी स्थित उनके निवास पर जा रही थी तभी विवेचना अधिकारी के द्वारा दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया तो छात्रावास अधीक्षका ने कन्या शिक्षा परिसर में ही आने की बात करते हुए पहुंची जिस पर पुलिस ने छात्रावास अधीक्षिका के कमरे से जिस लोहे की पाइप से बच्चियों के साथ मारपीट किया गया था उसे जप्त करते हुए अधीक्षिका को अभिरक्षा में लेकर जमानत मुचलके पर छोड़ा गया।

### प्रवेश पर लगाईं रोक

कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य अजय सिंह चौहान के द्वारा घटना की जानकारी लिखित रूप में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है एवं छात्रावास अधीक्षिका प्रभा मरावी पर साल में प्रवेश न करने की रोक लगा दी गई है।

### डरी सहमी बच्चियां

छात्रावास में रह रही बच्चियों मारपीट की घटना से काफी डरी साहमी है वही परिजन भी अधीक्षिका को हटा जाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर अधीक्षिका को प्रशासन के द्वारा नहीं हटाया गया तो वे लोग अपनी बच्चियों को वापस अपने घर ले जाएंगे।

### क्या होगी प्रशासनिक कार्यवाही

नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है कि छात्रावास अधीक्षिका के द्वारा बच्चियों के साथ बेरहमी से लोहे की पाइप से मारपीट किया गया है। घटना की जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरके मिश्रा एवं प्राचार्य अजय सिंह चौहान के द्वारा कलेक्टर अनूपपुर एवं विभागीय अधिकारी को लिखित रूप से भेजी गई है क्या प्रशासन के द्वारा अधीक्षिका पर कार्यवाही की जाएगी या फिर यह मामला भी ठंडा बस्ती में डाल दिया जाएगा। कन्या शिक्षा परिसर की अधीक्षिका वर्तमान में हाई कोर्ट के स्टे पर है। उनके ऊपर पूर्व में जांच के उपरांत जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा उनके मूल पद पर वापस करने के आदेश दिए गए थे जिस पर अधीक्षिका के द्वारा कोर्ट से ले आया गया था।

### इनका कहना है

छात्रावास में बच्चियों के साथ मारपीट की घटना की जानकारी हमारे द्वारा जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है। मेरे द्वारा अधीक्षिका प्रभा मरावी को शाला में प्रवेश न करने के निर्देश दिए गए हैं। छात्रावास में बच्चियों की देखरेख मेरे एवं विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा एवं महिला कर्मचारियों के द्वारा की जा रही है।

**अजय सिंह चौहान, प्राचार्य**
**कन्या शिक्षा परिसर कोतमा**

# कलेक्टर की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में निजी स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** कलेक्टर नेहा मारव्या ने आज बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार आगामी बोर्ड परीक्षा एवं शिक्षा व्यवस्था के संबंध में निजी स्कूलों के प्राचार्यां की बैठक ली। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार राठौर, जिला शिक्षा अधिकारी रति सिंह सिंद्राम, जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान रावेन्द्र मिश्रा सहित निजी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे। कलेक्टर ने आगामी बोर्ड परीक्षा एवं शिक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने निजी स्कूलों के प्राचार्यो से स्कूलों में ली जा रही फीस, बच्चों को दी जा रही सुविधाएं और परीक्षा परिणाम के संबंध में जानकारी ली। जिसमें स्कूल प्राचार्यो ने मासिक एवं बार्षिक फीस संरचना, स्कूलों में दी जा रही सुविधाएं जैसे-खेल मैदान, संगीत एवं कला शिक्षा आदि के बारे में बताया। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने निजी स्कूलों में शिक्षा के साथ-साथ खेल मैदान, पाठ्यक्रम के अनुसार पढाई, संगीत सहित अन्य गतिविधियों को उपलब्ध कराने के लिए प्राचार्यो को निर्देशित किया। उन्हांने कहा कि सभी निजी स्कूल लिये जा रहे शुल्क के अनुसार बच्चों को समस्त सुविधाएं उपलब्ध करायें। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने मदर टेरेसा स्कूल डिंडौरी के रिकार्ड परीक्षण कराने के लिए सीईओ जिला पंचायत/अपर कलेक्टर को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल द्वारा ली जा रही फीस, बच्चों को दी जा रही सुविधाएं आदि की जानकारी प्रतिवेदन में प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने आगामी बैठकों में स्कूल प्राचार्यो के प्रतिनिधि मान्य नहीं होंगे। बैठकों में अधिकारी अपना जबाव प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डीपीसी को निर्देशित करते हुए कहा कि एक माह में राज्य शिक्षा केन्द्र के नियम निर्देशों का पूर्णतः पालन कर सभी स्कूलों में संरचनात्मक संस्थागत सुधार सुदृढ़ करें। सभी शासकीय स्कूलों में पाठ्यक्रम के अनुसार अंग्रेजी और गणित सहित अन्य अभ्यास पुस्तिकाएं बच्चों के द्वारा व्यवस्थित रूप से हल कराये जाएं।

## खबर संक्षेप

### सुमित दुबे की दूरदर्शन पर प्रस्तुति आज



**नरसिंहपुर।** दूरदर्शन भोपाल पर प्रसारित होने वाले लोकप्रिय कार्यक्रम लोकसंगीत में सुमित दुबे अपने साथी कलाकारों राजेश दुबे, प्रतीक दुबे, अंकित दुबे, राजीव शर्मा, विवेक ठाकुर, अनुज दुबे व आशु शरमेले के साथ पारंपरिक बुन्देली लोकगीतों की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम का प्रसारण डीडी एमपी पर आज दिनांक 6 फरवरी गुरुवार को प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा।

### मामा- भांजे को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, भांजे की मौत

**नरसिंहपुर।** स्टेशन गंज थाना अंतर्गत बहोरीपार निवासी शिवम ठाकुर पिता दशरथ ठाकुर उम्र 16 वर्ष अपने मामा संजय ठाकुर के साथ बाइक में बैठकर मंगलवार की शाम को गांव में जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने बहोरीपार के पास पीछे से टक्कर मार दी थी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और मामा को मामूली चोट आई थी। वही 108 एंबुलेंस की सहायता से उसे जिला अस्पताल लाया गया था जहां डॉक्टर ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं अस्पताल चौकी पुलिस ने आज शव का पंचनामा कार्रवाई कर मर्ग प्रकरण कायम पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### पूर्व राज्य मंत्री द्वारा जनसुनवाई आज

**नरसिंहपुर।** जिले के पूर्व विधायक राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस करेली में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाएगी इस अवसर पर आमजनों से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा विधायक कार्यालय द्वारा लोगो से अपील की गई है कि अपनी शिकायतों की जानकारी से संबंधित आवेदन बनकर लाए जिससे आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग को प्रेषित की जा सके।

### स्कूटी वितरण सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न



**नरसिंहपुर।** गत दिवस मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित स्कूटी वितरण व सम्मान कार्यक्रम का पूरे प्रदेश में प्रसारण किया गया स्थानीय बच्चों के अलावा प्रत्येक विद्यालय से वर्ष 2024 में कक्षा 12 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र व एक छात्रा को स्कूटी प्रदान हेतु संबोधन दिया गया। उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर से सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी कुमारी गीता लोधी एवं मोहम्मद उजेर खान को सर्वप्रथम स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात प्रसारित कार्यक्रम को देखा व सुना। संस्था प्राचार्य जीएस पटेल, श्रीमती प्रीति पाराशर, रामनरेश रावत, राममोहन राव, बीएन पांडेय बी एस लोधी श्रीमती दिव्यश्री साहू एवं विद्यालय के कक्षा 12वीं की छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### भाजपा जिला अध्यक्ष का नागरिक अभिनंदन आज

**नरसिंहपुर।** भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक के नगर अभिनंदन हेतु भव्य स्वागत रैली का आयोजन किया गया है जिले सहित करेली नगर में हर्ष का माहौल है लंबे अरसे के बाद करेली नगर से भाजपा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है इसको लेकर आज करेली नगर में करेली बस्ती चौराहे पर एकत्रीकरण के पश्चात रैली प्रारंभ होगी जो करेली बस्ती चौराहे से पावर हाउस, बरमान चौराहा, मुख्य मार्ग, निरंजन चैक, कमानिया गेट होते हुए मालपानी नगर में संपन्न होगी जिसमें नगर के नागरिकों द्वारा उनका स्वागत अभिनंदन किया जाएगा उक्त कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र के समस्त भाजपा जनों, गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति व युवाओं की उपस्थिति रहेगी इसके साथ ही नगर के नागरिकों द्वारा पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल का इस उपलब्धि हेतु आभार व्यक्त किया जाएगा।

## 20 मोबाइल, 29 सिम कार्ड व क्रेटा कार जब्त

# साइबर ठगी का आरोपी गाजियाबाद से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिनों थाना क्षेत्र स्टेशनगंज मे पीड़ति द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसके साथ पीएम मुद्रा लोन के नाम पर 51 हजार द्वारा की ठगी होना बताया गया । पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर ठगी की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच मे लिया गया। जिसमें पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी सूत्रों को सक्रिय किया गया परिणाम स्वरूप आरोपी को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। उक्त जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि वर्तमान मे साइबर की ठगी के मामले अधिक हो रहे है इसलिय सतर्क रहने का काफी आवश्यकता है।





### मामला इस प्रकार

थाना क्षेत्र स्टेशगंज निवासी पीड़ति खीरसागर मेहरा पिता लक्ष्मण मेहरा उम्र 24 साल, निवासी ग्राम समनापुर, डांगीढाना जिला नरसिंहपुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि किसी अज्ञात व्यक्तियो द्वारा मुझसे फोन काल के जरिये व व्हाट्सएप्प के जरिये प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना का लोन पास करने एवं लोन दिलाने का लालच देकर उससे धोखाधड़ी पूर्वक दिनांक 22 नवम्बर 2024 से दिनांक 27 नवम्बर 2024 के मध्य 50100 रुपये की लकर उसे आर्थिक क्षति पहुंचायी है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात अरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 90/2025 धारा 318 (4) बीएनएस पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### 20 मोबाइल व 29 सिम कार्ड व कार जब्त

गिरफ्तार द्वारा आमजनों के साथ ठगी करने हेतु उपयोग किये जा रहे बल्क मात्रा में 20 मोबाईल, 29 सिम कार्ड, लिखित दस्तावेज एक क्रेटा फोर व्हीलर जप्त किये गये है। साइबर ठग गिरोह के सरगना की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में थाना स्टेशन गंज के निरीक्षक थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे, उप निरीक्षक विजय द्विवेदी, प्र. आर. आशीष मिश्रा, वरिष्ठ आरक्षक संजय पाण्डेय, आरक्षक हिमांशु वर्मा, आरक्षक अंकित विश्वकर्मा, महिला आर. सोनम रजक, नरसिंहपुर सायबर सेल की महिला आरक्षक कुमुद पाठक, दिल्ली सरिता विहार पुलिस के प्र. आर. अमर वालियान, आरक्षक धर्मेंद्र कंसाना, महिला आरक्षक सपना की सराहनीय भूमिका रही।

### विशेष टीम का किया गया था गठन

पुलिस की विशेष टीम ने ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का शातिर सरगना को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। आमजनों के साथ धोखाधडी कर उन्हे आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले सायबर ठगों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु नरसिंहपुर पुलिस की विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम द्वारा मुखबिरों को सक्रिय कर जानकारियां एकत्रित की गयी एवं तकनीकी माध्यमों से पतासाजी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी के दिल्ली, गाजियाबाद में होने की जानकारी मिली जिस पर तत्काल विधिवत कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम को दिल्ली रवाना किया गया जहां रहकर पुलिस टीम द्वारा आरोपी के संबंध में गहनता से पतासाजी की एवं स्थानीय मुखबिरों से जानकारी मिली कि आरोपी वर्तमान में गाजियाबाद में है। सूचना पर पुलिस टीम ने गाजियाबाद पहुंचकर आरोपी ओमप्रकाश सिंह कुर्मी पिता सुरेश सिंह, निवासी गाजियाबाद उ. प्र. को पकड़ने में सफलता हासिल हुयी।

### कई राज्यों में कर चुके है ठगी

आरोपी से पूछताछ पता चला कि वह विगत कई वर्षो से विभिन्न क्षेत्र जैसे गाजियाबाद मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, नरसिंहपुर, दिल्ली, हरियाणा, एवं अन्य क्षेत्रों में पम्पलेट के माध्यम से प्रधानमंत्री मुद्रा लोन पास करने का लालच देकर लोगों को लोन दिलाने का झांसा देकर लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम देता आ रहा है. जिसके लिये आरोपी ठगी की राशि प्राप्त करने के लिये लोगों को लालच देकर उनके खाते प्राप्त करता था। आरोपी द्वारा पम्पलेट पर चस्पा किये गये मोबाइल नम्बर, आरोपी के नाम पर नहीं होते थे उक्त मोबाइल नम्बर की सिम आरोपी द्वारा लोगों को पैसे का लालच देकर लोगों से प्राप्त की जाती थी।

## बरमान घाट पर आयोजित हुआ निर्झरणी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



नर्मदा जयंती पर मंगलवार को नर्मदा तट के समीप बरमानकलां घाट पर सांस्कृतिक संध्या ष्निर्झरणी महोत्सवष का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़ीया, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटैल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता ठाकुर, रामस्नेही पाठक व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। पवित्र माँ नर्मदा के प्रति धन्यता का उत्सव निर्झरणी महोत्सव का आयोजन मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जिला प्रशासन नरसिंहपुर के सहयोग से किया गया। निर्झरणी महोत्सव के दौरान रामचंद्र गांगोलिया एवं साथी उज्जैन के दल ने मालवी लोक गायन की प्रस्तुति दी। कविता शाजी एवं साथी भोपाल के दल ने नर्मदा नदी पर केन्द्रित नृत्य नाटिका ओम नर्मदे नमः की शानदार प्रस्तुति देकर शमां बाँधा। यह भरतनाट्यम नृत्य शैली पर आधारित था। इसके पश्चात श्री रामचन्द्र कृपालु भजमन, शिव शंभू स्वयंभू की भी प्रस्तुति दी। भक्ति गायन एवं जस के लिये मशहूर रूद्रकांत ठाकुर एवं साथी ने जय गणपति वंदन गणनायक, नर्मदे नर्मदे, चलो देख आय री या बरमान की नगरिया, नौकर रख लो रेवा जी मैया, तुम कल्याणी हो महाकाली, लट खोलकर नाचो, अब तो बिगड़े काम बनाओ हनुमत वीरा है जैसी भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, एसडीएम मनेंद्र सिंह, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे। यहाँ पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति निलेश काकोडिया, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटैल सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि नर्मदा महाआरती में शामिल हुए। उन्होंने मां नर्मदा की पूजा- अर्चना की।

## स्वस्थ जीवन हेतु मानसिक साधना जरूरी: बी.के विधात्री

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



मन की शक्ति ही तनावमुक्त जीवन प्रदान करती है तथा मन की साधना से ही सभी समस्याओं के समाधान का हल निकाला जा सकता है अतः मन का अध्ययन आवश्यक है। उक्ताशय के उद्गार बी.के. विधात्री दीदी ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुड़गॉव दिल्ली ने एम.आई.एम.टी. कालेज, नरसिंहपुर में व्यक्त किये। उन्होने वर्तमान में भागदौड़ से भरी तनावपूर्ण जिन्दगी को तनाव रहित रखने के उपयोगी समाधान अध्ययन, अभ्यास और आध्यात्मिकता के समावेश पर प्रेरक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष ब्रम्हकुमारी प्रीति दीदी ने अपने उद्बोधन में आत्मसशक्तिकरण की बात पर बल दिया। इसके पूर्व विशिष्ट अतिथि के रूप में पं. मैथिलीशरण तिवारी अध्यक्ष भारत कृषक समाज, सुश्री प्रतिज्ञा परिहार अध्यक्ष जनपद पंचायत करेली, पंकज नेमा डायरेक्टर परमहंस कालेज, ब्रह्मकुमारी आश्रम से भ्राता मुकेश नेमा, चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ से किया गया। चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी ने अपने स्वागत भाषण में बी.के. विधात्री दीदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर संस्था की ओर से अतिथियों का शाल श्रीफल से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पराग नेमा एवं आभार प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर शिखा पटेल, पलक बहन जी, भ्राता राजेश नेमा, डॉ. एस.एन. राव, श्रीमती अनीता रघुवंशी, डॉ. दीपिका शर्मा, जी.डी. उमरे, अमित राज सोनी, जितेन्द्र सिंह सहित स्टाफ मेम्बर्स एवं छात्र-छात्राओं की विशेष उपस्थिति रही।

## सोहजनी ग्रामवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

### शासन हुआ उदासीनशासकीय कर्मचारी और जनप्रतिनिधि निष्क्रिय

**गोटेगांव**-तहसील क्षेत्र गोटेगांव के अंतर्गत आने वाला ग्राम सोहजनी जो गौरतला ग्राम पंचायत के अधीन है जिसके चलते यहां के वाशिंदे मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं।लगता है कि गांव में रहने का उन्हे यह दंश झेलना पड़ रहा है या किसी का श्राप भोग रहे हैं।यहां पर जनप्रतिनिधि और शासकीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी भी इस और ध्यान नहीं देते।देश के प्रधान सरदार कहते हैं कि सबका साथ सबका विकास परंतु गांव सोहजनी की हालत देखकर तो ऐसा प्रतीत होता है कि वोटों का साथ गांवों का विनाश।इस गांव सोहजनी मंझनी में विकास की कुंडली खोली जा रही है सच्चाई यह है की यहां ग्राम में नालियां तो है।परंतु पंचायत से कोई सफाई कर्मचारी ही उपलब्ध नहीं है जिससे महीनों से सफाई भी नही होती।ग्राम के अगुआ इस और ध्यान ही नहीं देते।क्या हाल होता होगा गांव में निवास करने वालों का सिर्फ घोषणाएं भर की जाती हैं





विकास सिर्फ कागजों में हो जाता है धरातल पर तो देखने के लाले पड़ रहे है।वास्तविकता क्या है शासन शीघ्र ध्यान दे।*आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कभी-कभार केन्द्र आती हैं*प्रायः इस गांव का दुर्भाग्य ही है कि यहां पर गरीबों के बच्चों की आंगनवाड़ी वृक्षों के नीचे संचालित होती है, ग्रामवासियों ने बताया कि यहां पर सेवारत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कभी कभार आंगनबाड़ी केंद्र में आती हैं,और कभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केंद्र आ भी जाती है तो बच्चों को पढ़ाती नहीं है, वह स्कूल भवन के एक कमरे में आराम फरमाती रहती हैं, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की राजनीतिक पकड़ अच्छी है इसलिए ग्रामीण शिकायत करने से कतराते है।यहां भी शासन धृतराष्ट्र बना बैठा है।जहां पर शासन आंगनवाड़ियों पर करोड़ों रुपया बाल विकास के लिए खर्च करता है वहीं इस गांव में आंगनवाड़ी भवन भी वर्तमान में नहीं है,और नए आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य भी कछुआ गति से चल रहा है जनप्रतिनिधि दौरा तो करते है शासकीय अधिकारी भी दौरा करते हैं परंतु क्या वह अपना टीएडीए भर बनाते हैं या शासन की योजनाओं को अमली जामा क्यों नही पहनाते।प्रदेश के मुखिया आए दिन नित नई योजनाओं की घोषणा करते हैं लेकिन घोषणाएं थोथी नजर आने लगीं हैं। यहां के वाशिंदे इन्ही सभी समस्याओं से जूझ रहे है।शासन ध्यान दे। क्या ये सत्ता के कर्णधार सिर्फ ठेकेदारों को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए ही निर्वाचित हुए हैं या गांवों का विकास करने लिए।यह विषय गांवों में चर्चा का विषय बनता जा रहा है।शासन भी पंगु बना हुआ है आखिर यह कागजी खेल कब तक चलता रहेगा।जनप्रतिनिधि यह कदापि ना भूलें कि जब जनता जागती है तो सत्ता में मदहोश प्रतिनिधियों को सत्ता ने नीचे उतरना भी जानती है इसके लिए शासन का करोड़ों रुपया। का बजट भी आता है मगर जाता कहां है यह एक प्रश्न चिन्ह बनकर रह गया है।क्या होता है शासकीय राशि का ।जो गांवों का विकास करने दी जाती है कोई जिम्मेदार अधिकारी तो होगा जो इस और ध्यान देगा।*स्कूल भवन में लगा नलकूप ज्यादातर बंद रहता*इस ग्राम की शिक्षण संस्था शासकीय विद्यालय में तो पीने के पानी के भी लाले पड़ने लगे है शिक्षण कार्य में लगे शिक्षकों और अध्ययनरत छात्रों को पीने के पानी की व्यवस्था भी शून्य है।


## अमर शहीद रूद्रप्रताप टूर्नामेंट मानेगांव खेलों का शुभारंभ



गोटेगांव

तहसील के अंतर्गत अमर शहीद रुद्र प्रताप टूर्नामेंट के 77 वा सोपान का शुभारंभ आयोजन समिति के अध्यक्ष कुं.हेमेंद्र सिंह सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे ने किया मानेगांव में संभागीय पुरुष कबड्डी राज्य स्तरीय महिला कबड्डी वॉलीबॉल बालक कबड्डी महिला एवं पुरुष वर्ग की टीमें भाग ले रही हैं एवं चौपड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे,जल उपभोक्ता संस्था अध्यक्ष बम्हनी कमलेश तिवारी शिक्षक मनीष कटारे जिला उपाध्यक्ष वालीबाल संघ आर वी उइके सरपंच निलेश तिवारी सरपंच प्रहलाद सिंह पटेल राजेश राजपूत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष कुंवर हेमेंद्र सिंह सर्वप्रथम अमर शहीद ठा.रुद्र प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजन किया सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे ने ध्वजारोहण किया राष्ट्र गान हुआ खेल ग्राउंड का पूजन किया गया फिर खेलों का शुभारंभ किया शुभारंभ 5 फरवरी समापन 9 फरवरी को होगा। विजेता उपविजेता टीमों को नगद पुरस्कार वितरण किए जाएंगे इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद स्व.ठाकुर रुद्रप्रताप सिंह समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए आयोजन समिति के अध्यक्ष कुं.हेमेंद्र सिंह ने कहा इस टूर्नामेंट का उद्देश्य क्षेत्रीय खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है दशकों से भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की संभाग स्तरीय कबड्डी 40 टीमें राज्य स्तरीय महिला कबड्डी 12 टीमें भाग ले रही है कार्यक्रम संचालन प्राचार्य रघुवीर सिंह लोधी ने किया।


## चंद दिन पहले ही शुरू हुई आईटीआई के उखड़ने लगे टाइल्स



तेंदूखेड़ा


कुछ ही दिनों पूर्व लगभग छ करोड़ से अधिक की राशि से बनें नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के भ्रष्टाचार रुपी टाइल्स उखड़ने लगे हैं। जो कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता को उजागर कर ही रहा है साथ साथ संस्था प्रबंधक और एकाएक ठेकेदार के बीच भवन को हेंडोबर को लेकर हुई सांठगांठ जो जन चर्चाओं में रही है वह भी अब सामने आ रही है। निर्माण कार्य और भवन में आवश्यक सुख सुविधाओं के अभाव को लेकर समाचार पत्रों का सहारा लेकर प्रबंधक विरोध किया करते थे वह अचानक गुपचुप तरीके से संस्था के अन्य प्रशिक्षकों को बिना पता लगे ही शुरू हो गई थी।इस संस्था में छ ट्रेडे और शुरू होनी है लेकिन वह कब शुरू होंगी यह भविष्य के गर्त में हैं।नये भवन का स्वरूप और उत्साह जो रहना चाहिए वह अन्य स्टाप के साथ छात्रों में नहीं दिख रहा है। समुचित सुविधाओं के अभावग्रस्त से त्रस्त इस भवन के उचित संचालन को लेकर जहां इच्छा शक्ति का अभाव देखा जा रहा है वहीं कोपा और इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण पा रहे छात्रों को सही तरीके से पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है आने वाली भीषण गर्मी में यह समस्या अपना और भी गंभीर रूप धारण करेगी। बैठने को लेकर फर्नीचर की व्यवस्था का अभाव टूटी फूटी कुर्सियों में बैठना छात्रों की मजबूरी बनीं हुई है। यहां पर एक बात और देखने में सामने आ रही है कि कुछ स्टाफ सोमवार के दिन या बीच के दिनों में अपने मनमाने तरीके से संस्था में पहुंचा करते हैं यदि कोई जानकारी करना चाहे तो उन्हें मीटिंग में जाने या संस्था के किसी अन्य कार्य से जाने का हवाला देकर गतिविधियों पर पर्दा डाल दिया जाता है। वरिष्ठ अधिकारियों से तेंदूखेड़ा क्षेत्र के वरिष्ठ बुद्धिजीवियों जनप्रतिनिधियों ने विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि उक्त संस्था की गतिविधियों पर सूक्ष्मता से जांच कर तत्काल प्रभाव से मनमानियों पर विराम लगाया जाये।

## उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा के छात्रों ने श्री मुकुंद बायोटेक टिश्यू कल्चर नर्सरी और भेड़ाघाट जलप्रपात का दौरा किया। छात्रों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक और रोमांचक रहा। छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को समझने का अवसर तथा टिश्यू कल्चर नर्सरी में सीखने के अनुभव मिले। टिश्यू कल्चर नर्सरी में छात्रों ने टिश्यू कल्चर तकनीक के बारे में जाना। नर्सरी नवीन तकनीकों का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता वाले पौधों का उत्पादन कैसे कर रही है। यह उद्योग कैसे पर्यावरण संरक्षण और स्थायी विकास में योगदान कर रहा है। भेड़ाघाट जलप्रपात का आनंद लेते हुए प्रकृति की सुंदरता प्रकृति के महत्व और संरक्षण को काफी नजदीक से देखने का अवसर मिला। निश्चित तौर पर यह भ्रमण छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव बनेगा वहीं उनके भविष्य के करियर में मदद भी करेगा। छात्रों को यह भी एहसास हुआ कि कैसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके हम अपने समाज और पर्यावरण को बेहतर बना सकते हैं। इस भ्रमण में संस्था के प्राचार्य केपी साइलवार राजेश सेन वीरेंद्र सेन परवेज अख्तर खान अजय शर्मा दीपक द्विवेदी गुलशन पटेल विद्यालय में संचालित व्यवसायिक शिक्षा की ट्रेड आईटी एवं एग्रीकल्चर के प्रशिक्षक अंशुल जैन शोभा तिवारी रजनी चौरसिया एवं कु मानसी पटेल एवं कु सुशीला कतिया भी शामिल रहे।

### सेवानिवृत्त होने पर दी गई समारोह पूर्वक विदाई



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस समीपी ग्राम विलगुंवा आंगनबाड़ी केंद्र में अपनी 25 वर्षों से सेवायें देते चलीं आ रही श्रीमती रुकमणी पाठक की शासकीय सेवा अवधि पूर्ण हो जाने पर तेंदूखेड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र में समारोह पूर्वक दोनों सेक्टरों की कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के द्वारा विदाई दी गई।इस मौके पर श्रीमती पाठक की अनुशासन व्यवस्था कार्य के प्रति समर्पण भावना की सभी ने सराहना की तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके शेष जीवन की सभी ने मंगल कामना की।इस मौके पर श्रीमती रूकमणी पाठक ने भी अपने अनुभवों को साझा करते हुए सभी को भरोसा दिलाया कि अगर भविष्य में किसी भी कार्यकर्ता को आंगनबाड़ी से संबंधित किसी भी सहयोग की जरूरत पड़ती है तो उसे निश्चित रूप से सहयोग किया जायेगा।